## एक नजर में

### सरस्वती विद्या मंदिर, सीबीएसई स्कूल का कक्षा दसवीं सीबीएसई बोर्ड में शानदार प्रदर्शन

**मन्दसौर।** विद्या भारती सरस्वती विद्या मंदिर, सीबीएसई संजीत मार्ग, कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में एक भी छात्र का अनुत्तीर्ण न होना विद्यालय परिवार के लिए गौरव का विषय है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए। इस वर्ष की टॉपर बहिन रितिका दुबे ने 94 .6 प्रतिशत अंक, बहिन श्रेयांशी हिंगड 93 प्रतिशत, बहिन सिद्धि जोशी 92 .6 प्रतिशत, बहिन हीना ज्ञानचंदानी 92 .6 प्रतिशत प्राप्त कर प्रावीण्यता हासिल की। साथ ही विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों ने भी शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही इस उपलब्धि का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया गया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि यह सफलता निरंतर प्रयास, अनुशासन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम है। आने वाले वर्षों में भी विद्यालय इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### कलेक्टर अदिती गर्ग ने स्व गणना में स्वयं भरा जनगणना फॉर्म



**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने नागरिकों को डिजिटल माध्यम से जनगणना प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए स्वयं जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपना फॉर्म भरकर एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने यह संदेश दिया कि प्रत्येक नागरिक अपने घर बैठे आसानी से स्व-गणना सुविधा का लाभ उठा सकता है। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने बताया कि स्व-गणना (*Self Enumeration*) की सुविधा जनगणना प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सुविधा के माध्यम से नागरिक बिना किसी फील्ड कर्मी के घर आए, स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी सुरक्षित रूप से दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे तकनीक का उपयोग करते हुए इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी करें और समय रहते अपना जनगणना फॉर्म भरें। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि डेटा की शुद्धता एवं विश्वसनीयता भी सुनिश्चित होगी। कलेक्टर ने यह भी बताया कि स्व-गणना करने के लिए नागरिकों को केवल जनगणना के आधिकारिक पोर्टल पर लॉगिन करना होगा, आवश्यक जानकारी भरनी होगी और फॉर्म को सबमिट करना होगा। यह प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित एवं सरल है। कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग ने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे स्व-गणना को अपनाएं और जनगणना को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

### नारी शक्ति वंदन सम्मेलन संपन्न, महिलाओं को मिलेगा नया सशक्तिकरण : मंत्री भूरिया

**मंदसौर।** कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित 卐नारी शक्ति वंदन सम्मेलन卐 में प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण को नई दिशा देगा। उन्होंने बताया कि यह अधिनियम संसद और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान कर उन्हें नीति निर्माण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करेगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में महिलाओं की सहभागिता से सम्मेलन उत्साहपूर्ण रहा। मंत्री भूरिया ने बालिकाओं की शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करने की बात कही तथा महिला आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम के अंत में 10वीं-12वीं की मेधावी छात्राओं एवं महिला सशक्तिकरण में योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।

## समय प्रबंधन ही जीवन की सफलता का आधार : आर्यिका समर्थ श्री माताजी



**मंदसौर। सांसारिक मोह-माया और भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य परिवार और समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को तो बखूबी निभा रहा है, लेकिन वह अपने आत्म-कल्याण के मार्ग से भटक गया है। यदि हम वास्तव में अपना कल्याण चाहते हैं, तो हमें स्वयं के लिए जीना सीखना होगा।**

ये प्रेरक विचार आर्यिका समर्थ श्री माताजी ने आचार्य सन्मति कुंज संत भवन नाकोडा नगर पर आयोजित विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर आर्यिका 105 सार्थक श्री माताजी भी विराजित रहे। माताजी ने कहा कि आज का मनुष्य सुबह से शाम तक सांसारिक कार्यों में व्यस्त है। उसके पास दुनिया के हर काम के लिए समय है, लेकिन धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों के लिए वह समय का अभाव बताता है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि वर्तमान में धार्मिक आयोजनों में सहभागिता केवल दिखावे तक सीमित रह गई है। आपने कहा कि 卐जीवन में समय की कीमत को समझना अत्यंत आवश्यक है। विडंबना देखिए कि जब एक चिकित्सक हमारे खान-पान पर प्रतिबंध लगाता है, तो हम बिना सवाल किए उसका पालन करते हैं, लेकिन जब गुरु हमें उचित और अनुचित का भेद बताते हैं, तो हम तर्क-वितर्क करने लगते हैं।

धर्मसभा का शुभारंभ कुसुम पोरवाल द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुआ। मुख्य अतिथियों बसंतीलाल, डॉ. एस. के. मेहता, बाबूलाल, सुरेश शर्मा, विनोद सेगर, माडावत और अनिल जैन, मानमल जैन, अभय मादावत, अनिल जैन सेंट्रल बैंक द्वारा चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन किया गया।

हिम्मतनगर की श्राविका मंडल द्वारा माताजी को शास्त्र भेंट किए गए। डॉ. एस. एम. जैन, विजेंद्र सेठी, नंदकिशोर अग्रवाल और अरविंद मेहता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर दिगंबर जैन हायर सेकेंडरी स्कूल के शानदार बोर्ड परीक्षा परिणामों की सदन में जानकारी दी गई जिसमें कक्षा 12वीं का परिणाम 95.3% कक्षा 10वीं का परिणाम 92.85% रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अजीत जैन मित्र मंडल ने आर्थिका समर्थ श्री माताजी से आगामी चातुर्मास हेतु हिम्मतनगर में विराजने की भावपूर्ण विनती की। कार्यक्रम का संचालन जितेन्द्र दोषी द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम आभार शशि कुमार मिडा ने व्यक्त किया। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया।

## समाजसेवी पार्षद सुनील बंसल ने एक और अज्ञात बुजुर्ग महिला का अंतिम संस्कार किया

**मंदसौर। समाजसेवी और पार्षद सुनील बंसल ने एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए एक अज्ञात बुजुर्ग महिला का हिंदू रीति-रिवाज से अंतिम संस्कार किया। पिछले 35 वर्षों में श्री बंसल अब तक 1500 से अधिक लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर चुके हैं।**

श्री बंसल ने बताया कि पिछले दो दिनों पहले फेसबुक से जानकारी मिली कि जिला चिकित्सालय में भर्ती एक महिला की मृत्यु हो चुकी है, उसकी पहचान करें। इस फोटो को देखा तो उन्हें लगा कि यह महिला पहले कभी-कभी सेवा बैंक में भोजन पैकेट लेने के लिए आती थी और शायद वह झुग्गी बस्ती में रहती थी।

उक्त महिला के संबंध में उनकी जिला चिकित्सालय के चौकी प्रभारी नासिर दडवाल से बात हुई। उन्होंने थाना प्रभारी से भी चर्चा की। दो दिन तक उक्त शव को फ्रीजर में रखकर परिजनों की तलाश की गई। वह महिला पिछले डेढ़ महीने से जिला चिकित्सालय में डायल 102 के माध्यम से भर्ती कराई गई थी। पुलिस ने काफी प्रयास किया, किंतु महिला के रिश्तेदारों का कोई पता नहीं चल पाया। अंततः उन्होंने एक सामाजिक कार्यकर्ता के नाते बंसल को जिम्मेदारी सौंपी और अंतिम संस्कार करने का आग्रह किया। गुरुवार, 16 अप्रैल को हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार सुनील बंसल और उनके सहयोगियों ने महिला का अंतिम संस्कार किया। पोस्टमार्टम रूम से उनके पार्थिव शरीर को मोक्ष रथ के माध्यम से शिवना तट स्थित मुक्तिधाम ले जाया गया, जहाँ सुनील बंसल ने उन्हें मुखाग्नि दी।

श्री बंसल ने अपील की है कि यदि इस प्रकार का कोई मामला सामने आए तो उन्हें सूचित करें, ताकि दिवंगत का सनातन हिंदू धर्म की रीति से अंतिम संस्कार हो सके और उसके बाद अस्थि कलश को हरिद्वार जाकर माँ गंगा में विसर्जित कर तर्पण किया जा सके। श्री बंसल पिछले 35 वर्षों में 1500 से भी अधिक दिवंगतों (कोरोना काल के अलावा) का अंतिम संस्कार कर चुके हैं। इस कार्य में उन्हें परिवार, समाज, मीडिया और शुभचिंतकों का पूर्ण सहयोग मिलता है।

## ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से युवक ने की आत्महत्या

**गरोठ। ससुराल पक्ष की कथित मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर एक युवक द्वारा आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस प्रकरण में कार्रवाई करते हुए मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।**

जानकारी के अनुसार नीमच निवासी 32 वर्षीय रोहित जांगड़े ने 9-10 मार्च 2026 की रात अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मामले में थाना नीमच केंट पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच के दौरान परिजनों ने आरोप लगाया कि रोहित को उसकी पत्नी प्रियंका उर्फ पिंकी परमार, सास-ससुर एवं अन्य ससुराल पक्ष द्वारा लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

मृतक के पिता कैलाश जांगड़े ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही रोहित पर आर्थिक एवं अन्य प्रकार के दबाव बनाए जा रहे थे, जिससे वह मानसिक तनाव में था। परिजनों के अनुसार, लगातार विवाद, धमकियों एवं प्रताड़ना के कारण रोहित ने यह कदम उठाया।

> **पत्नी गिरफ्तार**
>
> पुलिस जांच एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आरोपी पत्नी प्रियंका उर्फ पिंकी परमार के विरुद्ध धारा 108 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे नीमच की कनावटी जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य आरोपियों की भूमिका की भी जांच जारी है।

## एक नजर — जिले के जूनियर रेडक्रॉस के छात्र-छात्राओं ने सीखा साहस और आत्मनिर्भरता का पाठ

## पचमढ़ी की वादियों में गूंजा जेआरसी एडवेंचर कैंप का रोमांच



**मन्दसौर। पहाड़ों की रानी पचमढ़ी की गोद में जूनियर रेड क्रॉस सोसाइटी भोपाल द्वारा 5 दिवसीय राज्यस्तरीय एडवेंचर कैंप हर्षोल्लास के साथ संचालित हो रहा हैं।**

कैंप का शुभारंभ ध्वजारोहण कर किया। पहले दिन बच्चों को टेंट-पिचिंग, गैजेट्स बनाना और कैंप क्राफ्ट सिखाया गया। प्रशिक्षक दल ने 45 फीट ऊंची प्राकृतिक चट्टान पर रॉक क्लिम्बिंग कराई। बच्चों ने हार्नेस और हेलमेट पहनकर चढ़ाई की। रैपलिंग में रस्सी के सहारे उतरते समय कई बच्चों ने पहली बार ऊंचाई के डर पर जीत हासिल की।

सुबह 5 बजे 8 किमी का ट्रेक कराया गया। रास्ते में बच्चों ने महुआ, सागौन, तेंदू के पेड़ों की पहचान की, पगमार्क देखकर जंगली जानवरों को ट्रेस करना सीखा और पक्षियों की आवाजें रिकॉर्ड की। स्थानीय तालाब पर बोटिंग, राफ्ट बनाना और डूबते व्यक्ति को बचाने की मॉक ड्रिल कराई गई। एसडीआरएफ के जवानों ने लाइफ जैकेट पहनने और ब्व्त् देना सिखाया। भूकंप में टेबल के नीचे छिपना, आग लगने पर गीले कपड़े से निकलना और सांप काटने पर प्राथमिक उपचार का लाइव डेमो दिया गया। कैंप में 15 प्रशिक्षकों की टीम ने किया। स्पेशल एक्सपर्ट बुलाए गए।

कयामपुर के जिला मंदसौर के स्टूडेंट पिंटू राठौर ने बताया कि मोबाइल के बिना 5 दिन कैसे कटेंगे, ये सोचकर आया था। पर यहाँ एक पल भी बोर नहीं हुआ। रैपलिंग करने के बाद तो लगता है मैं कुछ भी कर सकता हूँ। वर्षा गेहलोत की माँ ने कहा, बेटी पहले अकेले कमरे में सोने से डरती थी। अब वो कैंप में 4 रात टेंट में रहकर आई है। इसका आत्मविश्वास देखकर बहुत खुशी हुई। सलमा शाह जिला सचिव ने कहा कि एडवेंचर गेम्स में स्टूडेंट को साहस आत्मनिर्भरता और अनुशासन सीखने को मिलता है। राजेश कुमार पांडे जिला काउंसिल विभिन्न प्रकार के एडवेंचर जिले के सभी प्रतिभागी और चढ़कर भाग ले रहे हैं वह अपने मोबाइल खाने पीने की बजाय एडवेंचर में ज्यादा समय बीता रहे हैं।

# नीमच


## एक नजर में

### जिला अस्पताल में सीआईएसएफ ने दी फायर सेफ्टी ट्रेनिंग



**नीमच।** भारत सरकार के निर्देश पर 14 से 20 अप्रैल तक मनाए जा रहे फायर सर्विस वीक के तहत गुरुवार को नीमच जिला चिकित्सालय में एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। अफीम फैक्ट्री की सीआईएसएफ टीम ने अस्पताल के स्टाफ को आग से बचाव और उस पर नियंत्रण पाने के तरीके सिखाए। इस वर्ष यह सप्ताह 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक समाज' की थीम पर मनाया जा रहा है। जिला चिकित्सालय में आयोजित इस प्रशिक्षण में सुबह और रात्रि शिफ्ट के लगभग 100 कर्मचारियों ने भाग लिया। सीआईएसएफ के फायर इंस्पेक्टर खुशीराम मीणा के नेतृत्व में टीम ने स्टाफ को आग के विभिन्न प्रकारों और अलग-अलग स्थितियों में उन पर काबू पाने की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान जवानों ने कर्मचारियों से अग्निशमन यंत्रों का लाइव अभ्यास भी करवाया। ट्रेनिंग के दौरान सीआईएसएफ की टीम ने व्यावहारिक प्रदर्शन करते हुए बताया कि यदि एलपीजी गैस सिलेंडर में आग लग जाए, तो घबराने के बजाय गीले कपड़े या कंबल का उपयोग कर ऑक्सीजन की आपूर्ति काटकर और स्विच ऑफ करके आग को कैसे बुझाया जा सकता है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम



**नीमच।** म.प्र. जन अभियान परिषद के अध्यक्ष एवं प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्रीजी डॉ मोहन यादव के आहवान पर जिला कलेक्टर नीमच एवं सीईओं जिला पंचायत नीमच के मार्गदर्शन में म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखण्ड नीमच द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोत सेवा समागम कार्यक्रम के द्वितीय चरण में भादवामाता सेक्टर अंतर्गत नीलकंठ महादेव बोरखेड़ी नदी घाट पर स्वच्छता श्रमदान किया गया। करीब दो घंटे चले स्वच्छता श्रमदान में 45 श्रमदानियों ने मिलकर नदी घाट पर फैली गंदगी को साफ कर घाट को स्वच्छ किया गया। इसके उपरांत जल चौपाल कर जल संरक्षण जागरूकता शपथ करवाई गई जिसमें विगत छह वर्षो से जल मंदिर प्याऊ के माध्यम से जल सेवा करने वाले गौतम प्रसाद कुशवाह जी को ग्राम सरपंच देवकिशन, जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर और संस्था सचिव शशि परिहार द्वारा प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। इस दौरान नवांकुर संस्था नीमच सुरेश लोक शिक्षण समिति कोषाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान, परामर्शदाता मीनू त्रिपाठी, राजकुमारी चौधरी, दीपक नागदा, विनोद राठौड़ सहित प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम विद्यार्थी और ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 10 किलो अफीम जब्त, कीमत 50 लाख सीट में बनाए खांचे में छिपाई थी खेप

▸ **अफसरों ने नहीं बताए आरोपिया के नाम**



**नीमच। जिले में नारकोटिक्स प्रकोष्ठ ने 'प्रहार' अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 किलो 54 ग्राम अवैध अफीम जब्त की है। सफेद रंग की एक ट्रैवलर गाड़ी से बरामद इस अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 50 लाख रुपए आंकी गई है।**

मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी कर गाड़ी को रोका गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने पाया कि तस्करों ने ट्रैवलर की पिछली सीट के ऊपर छत के हिस्से में एक गुप्त खांचा (सीक्रेट कंपार्टमेंट) बना रखा था। इसी खांचे में अफीम की यह बड़ी खेप छिपाकर ले जाई जा रही थी।

आरोपियों के नाम छिपाए

नारकोटिक्स विंग इंदौर के मार्गदर्शन में हुई इस कार्रवाई को विभाग अपनी बड़ी सफलता बता रहा है। हालांकि, पूरी प्रक्रिया के दौरान आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए जाने पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

आमतौर पर इतनी बड़ी बरामदगी के बाद पुलिस आरोपियों की पहचान और उनके रिकॉर्ड का खुलासा करती है। इस मामले में ड्राइवर और सप्लायर के खिलाफ केस दर्ज होने के बावजूद उनके नाम पूरी तरह गोपनीय रखे गए हैं। पुलिस की इस चुप्पी से स्थानीय स्तर पर यह चर्चा तेज हो गई है कि कहीं इस तस्करी के तार किसी प्रभावशाली सिंडिकेट या सफेदपोश नेटवर्क से तो नहीं जुड़े हैं, जिन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

> **जांच का दिया हवाला**
>
> अधिकारियों का तर्क है कि मामले की जांच और नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने के लिए गोपनीयता आवश्यक है। इसके बावजूद, नामों का खुलासा न होना विभाग की पारदर्शिता पर सवाल उठा रहा है। अब क्षेत्र की जनता यह जानने का इंतजार कर रही है कि पुलिस कब इस तस्करी के पीछे के असली चेहरों को बेनकाब करती है।

## सभी शासकीय सेवक स्व जनगणना जानकारी ऑनलाइन दर्ज करवाए : कलेक्टर

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने नागरिकों से जनगणना पोर्टल पर अपने संबंध में जनगणना से संबंधित जानकारी ऑनलाइन दर्ज करने की अपील की है कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना 2026 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए स्व-गणना (Self-Enumeration) विकल्प का अधिक से अधिक उपयोग करें। इस सुविधा से नागरिक घर बैठे ही अपने स्मार्टफोन या कंप्यूटर के माध्यम से कुछ ही मिनटों में अपने परिवार की संपूर्ण जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। उन्होने सभी शासकीय सेवकों से अपनी व अपने परिवार के सदस्यों की जानकारी भी जनगणना पोर्टल पर सेल्फ इम्यूरेशन के माध्यम से दर्ज कराने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर चंद्रा ने बताया कि स्व-गणना से गणना प्रक्रिया तीव्र, सटीक एवं सुगम होगी। स्व-गणना करने वाले परिवारों के यहां प्रगणक केवल डेटा सत्यापन हेतु आएंगे, जिससे नागरिकों एवं प्रगणकों दोनों के समय की बचत होगी।

## युवक ने बीयर बॉटल से गला काटा, मौत, तीन दिन से खराब थी तबीयत

▸ **एक दिन पहले ही अस्पताल से हुआ था डिस्चार्ज**

**नीमच।** शहर के ग्वालटोली क्षेत्र स्थित लाल मैदान में गुरुवार को एक युवक लहूलुहान हालत में अचेत पड़ा मिला। उसका गला किसी धारदार वस्तु से कटा हुआ था। पास ही बीयर की खाली बोतल के टुकड़े पड़े थे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान 33 वर्षीय पंकज जायसवाल पिता मदनलाल जायसवाल के रूप में हुई है। वह मूल रूप से पुरानी नगर पालिका का निवासी था और वर्तमान में ग्वालटोली में रह रहा था। राहगीरों की सूचना पर तत्काल 108 एंबुलेंस और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। एंबुलेंस के ईएमटी राहुल राठौर और पायलट अर्जुन कच्छावा युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।

**एक दिन पहले ही अस्पताल से हुआ था डिस्चार्ज**-घटना के पीछे युवक की मानसिक स्थिति ठीक न होना बताया जा रहा है। मृतक के भाई राहुल जायसवाल ने जानकारी दी कि पंकज पिछले दो-तीन दिनों से पेट दर्द और मानसिक परेशानी के चलते जिला अस्पताल में भर्ती था। बुधवार को ही उसे अस्पताल से छुट्टी मिली थी। घर लौटने के बाद से पंकज काफी बेचैन था और रातभर परिजनों को घर से बाहर जाने के लिए परेशान करता रहा। देर रात करीब 3 बजे जब घर के सदस्य सो गए, तो पंकज चुपचाप घर से निकल गया।

> **कांच की बोतल से गला काटकर सुसाइड की आशंका**
>
> सुबह परिजनों को खबर मिली कि लाल मैदान में उसने कांच की बोतल से खुद का गला काट लिया है। सूचना मिलते ही नीमच सिटी थाना प्रभारी पुष्पा चौहान मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस के अनुसार, युवक की मानसिक हालत स्थिर नहीं थी। प्रारंभिक जांच में कांच से गला काटकर आत्महत्या की बात सामने आई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर — न संकेतक न कोई अवरोधक और न कोई दुर्घटना की चिंता

## निर्माणाधीन फोरलेन मौत के कुएं के समान : नवीन अग्रवाल



**नीमच।** भाटखेड़ा से डूंगलावदा चौराहे तक निर्माणाधीन फोर लेन सड़क वर्तमान में दुर्घटनाओं और जाम के रूप में कुख्यात हो चुका है और यह सब निर्माण एजेंसी एमपीआरडीसी के अधिकारियो और इंजीनियरों के कारन है जो न तो इस निर्माणाधीन सड़क का निरिक्षण करते है और न ही किसी प्रकार से ठेकेदार को निर्देशित करते है जिसके कारन पिछले साल से अभी तक सेंकडो छोटी छोटी दुर्गटनाये उक्त सड़क निर्माण के दोरान हो चुकी है लेकिन कई बार प्रशासनिक अधिकारियो को भी संज्ञान में लाने के बाद भी कोई सुधार उक्त सड़क मार्ग के निर्माण में हुआ है और ठेकेदार अपनी मनमर्ज़ी से जंहा मर्जी में आयी वंहा सड़क को खोदकर महीनो तक छोड़ देता है और न ही कोई संकेतक लगाता है जिसके कारन आवागमन में परेशानी होने के साथ ही दुर्घटनाये घटित हो रही है और आमजन चोटिल हो रहा है। आमजन की आवाज को उठाते हुए आम आदमी पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजी नवीन कुमार अग्रवाल ने एमपीआरडीसी और ठेकेदार के ऊपर जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगया है।

अग्रवाल ने कहा की सड़क मार्ग आमजन की सुविधा के लिए बनाया जाता है लेकिन उक्त मार्ग के निर्माण से कही नहीं लगता है की उक्त सड़क जनता की सुविधा के लिए बनाई जा रही है जिस पर कोई भी सड़क मानक का परिपालन नहीं किया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान वैकल्पिक मार्ग बनाकर आवागमन को सुविधानुसार परिवर्तिति किया जाता है लेकिन उक्त मार्ग पर किसी भी प्रकार से वैकल्पिक मार्ग नहीं बनाते हुए जहा देखो खोद कर पटका जा रहा है और न ही कोई संकेतक लगाए ज़ा रहे है और वैकल्पिक मार्ग न होने से रोज घंटो जाम की स्थिती निर्मित हो रही है जिसके कारन आमजन परेशानी झेलने को मजबूर है। दूसरी और सड़क का निर्माण दुकानों और मकानों की फ्लोरिंग से ऊपर किया जा रहा है जिसके कारन वर्षा काल में जलभराव की स्थिति निर्मित होंगी जिस प्रकार से एमपीआरडीसी के मनासा नीमच मार्ग बनने के बाद इंदिरा नगर फवारा चौक बस स्टैंड पर जलभराव की स्थित निर्मित होती है इस सम्बन्ध में एमपीआरडीसी के अधिकारियो को अवगत करवा दिया गया है लेकिन अभी तक उस पर कोई सकारात्मक कारवाही नहीं हुई है।

अग्रवाल ने कहा की नीमच के प्रशासनिक अधिकारियो को भी इस और ध्यान देना चाहिए की किस प्रकार से ठेकेदार काम कर रहा है और उसे निर्देशित करना चाहिए की पहले जंहा तक सड़क खोदी गई है उसे पूर्ण करे उसके बाद आगे खुदाई करे और निर्माण स्थल पर खुदाई करते समय जब तक रोड न बने संकेतक और अवरोधक लगाकर दुर्घटनों को रोकने का कार्य करे।